तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 25 दिसंबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 जल्द बनेगा गाड़ाडीह में बुनकर भवन, 0.12 हेक्टेयर...

12 साईं जन्मोत्सव व क्रिसमस की तैयारी जोरों पर, मंदिरों एवं ...


Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा


## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैम्प 27 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 27 दिसम्बर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जाएगा। कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 150 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।

### कोटगांव में 30 को घासीदास जयंती

**जीजामगांव।** सतनामी समाज कोटगांव के तत्वावधान में 30 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई जायेगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि दोपहर को ग्राम छाती ज्ञान के अंजोर पंथी पार्टी की मनमोहक प्रस्तुति होगी। रात में छन्नू-मन्नू बालोद का नाचा कार्यक्रम होगा। आयोजन की तैयारी में थानसिंग भारती, सेवकराम भारती, वासुदेव कोसरिया, सीताराम टंडन, लीलाराम बंजारे, नरेश सोनवानी, जितेन्द्र रात्रे, गोपाल मारकंडे, उमेश गायकवाड़, टीकू भारती, चमनलाल भारती जुटे हुए हैं।



### शराब दुकान के पास चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**धमतरी।** शराब दुकान के पास चाकू लहराते लोगों को डरा धमका रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सिटी कोतवाली पुलिस पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान मुखबीर से रूद्री रोड स्थित शराब दुकान के पास एक युवक द्वारा धारदार चाकू लहराने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल शराब दुकान के पास पहुंची। यहां एक युवक धारदार चाकू लहरा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़कर उसके कब्जे से चाकू जब्त किया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मनीष साहू पिता लक्ष्मीनारायण उम्र 25 वर्ष रामसागरपारा निवासी बताया। पुलिस ने आरोपी को आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



■ कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

नगर निगम लगा रहा शिविर, तीन शिविर में 15 वार्ड के हितग्राहियों को दी सुविधा

# आधार लिंक नहीं, पेंशन से वंचित हो रहे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आधार लिंक नहीं होने से पेंशनधारियों की समस्या बढ़ गई है। शहर में ही निराश्रित पेंशन के 11 हजार हितग्राही हैं, जिसमें से 3 हजार हितग्राही का आधार लिंक नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त विधवा, परित्यक्ता, दिव्यांग और वृद्धावस्था पेंशन के कई हितग्राहियों की भी पेंशन अटकी हुई है। नगर निगम ने स्थिति को देखते हुए शिविर लगाकर आधार, बैंक खाता और मोबाइल नम्बर लिंक करना शुरू कर दिया है, लेकिन गांवों में अभी भी नियमित रूप से शिविर की शुरूआत नहीं हुई है।



शासन द्वारा असक्षम लोगों को आर्थिक सहायता देने के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत परित्यक्ता, विधवा, दिव्यांग, वृद्धजनों और अन्य प्रकार के जरूरतमंदों को निराश्रित पेंशन दी जाती है। हितग्राहियों को 5 सौ रुपए मासिक पेंशन दी जाती है। 80 साल से अधिक उम्र होने पर 650 रुपए प्रतिमाह दिया जाता है। तीन माह पहले सबकुछ ठीक चल रहा था। इसके बाद शासन ने पेंशन के लिए आधार नंबर, बैंक खाता और मोबाइल नंबर लिंक होना अनिवार्य कर दिया। बड़ी संख्या में हितग्राहियों के खाते में न तो आधार लिंक है और न ही मोबाइल नम्बर। ऐसे में उनके खाते में पेंशन की राशि जाना बंद हो गया है। अब वे पेंशन के लिए भटक रहे हैं।

### शहर में सबसे ज्यादा समस्या

जिले की स्थिति देखें तो 97 प्रतिशत पेंशनधारियों के खाते में पेंशन की राशि जा रही है, जबकि 3 प्रतिशत हितग्राही ऐसे हैं, जिनके खाते में राशि नहीं जा रही हैं। इनमें से अधिकांश हितग्राहियों की पेंशन बैंक खाता में आधार नंबर और मोबाइल लिंक नहीं होने के कारण रूकी है। शहर में यह समस्या ज्यादा है। जहां 10 प्रतिशत से ज्यादा हितग्राहियों के खाते में पेंशन की राशि नहीं जा रही है। स्थिति को देखते हुए नगर निगम द्वारा शहर के सभी 40 वार्डों में शिविर लगाकर बैंक खाता, आधार और मोबाइल नम्बर लिंक करने का काम शुरू कर दिया गया है।

### 15 वार्डों के लिए लगा शिविर

शहर के सभी 40 वार्ड के लिए 8 स्थानों पर शिविर लगाए जा रहे हैं। अब तक तीन स्थानों पर शिविर लगा चुका है। जिसमें 15 वार्डों के हितग्राहियों का आधार लिंक किया गया। जानकारी के अनुसार हटकेशर, शीतलापारा, लालबगीचा, सुभाष नगर और विवेकानंद वार्ड के लिए शनिवार को नागदेव मंदिर में शिविर लगाया गया था। इसके बाद सुंदरगंज वार्ड, सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड, बठेना वार्ड, औद्योगिक वार्ड, नवांगाव वार्ड के लिए पुरानी मंडी में सोमवार को शिविर लगा था। मंगलवार को मकेश्वर वार्ड, श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड, आमापारा वार्ड, महंत घासीदास वार्ड, साल्हेवारपारा वार्ड, सामुदायिक भवन बनिया तालाब में शिविर लगाया गया था। अब बचे हुए वार्डों के लिए प्राथमिक शाला जालमपुर, एकलव्य खेल परिसर, शाला नंबर 3, म्युनिस्पिल स्कूल, सामुदायिक भवन दुर्गा मंदिर के पास शिविर लगाया जाएगा।

# खड़खड़िया फड़ में पुलिस की रेड, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस टीम ने ग्राम साल्हेभाट में चल रहे खड़खड़िया जुआ फड़ में रेड मारकर जुआ खिला रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी जब्त की है।

ग्रामीण अंचल में मड़ई-मेला का सीजन शुरू हो गया है। इसी के साथ खड़खड़िया नामक जुआ खिलाने वाले भी सक्रिय हो जाते हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देशित किया। साइबर सेल व केरेगांव पुलिस द्वारा अंचल में जुआ सट्टा खिलाने वालों की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान सोमवार को मुखबीर से केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम साल्हेभाट में शीतला मंदिर के पास आम जगह पर खड़खड़िया नामक जुआ खिलाने की पुलिस को सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल ग्राम साल्हेभाट पहुंचकी रेड की कार्रवाई की। फड़ में विभिन्न चिन्ह, प्रतीक व तस्वीरों में लोगों से रूपये-पैसे का दांव लगवाकर खड़खड़िया जुआ खिलाया जा रहा था। रेड कार्रवाई में पुलिस ने फड़ से चार लोगों को रंगेहाथ पकड़ पूछताछ की। पूछने पर अपना नाम बसन्तु राम साहू, बखरिया राम साहू, हरिश्चंद साहू व जितेन्द्र साहू बताया। आरोपियों के कब्जे से नकदी 35 हजार 290 रूपए, खड़खड़िया खिलाने के सामान में एक प्लास्टिक का फ्लैक्स फड़-बिसात, 6 नग चौकोर गोटी जिसमें चौकोरनुमा ईंट, पान, चिड़ी, झण्डा-मुण्डा बना हुआ एवं एक नग टोकरी बरामद की गई। पुलिस ने खड़खड़िया खिलाने वाले आरोपी बसन्तु राम साहू पिता ररूहाराम 60 वर्ष व उसके बड़ा भाई बखरिया राम साहू 64 वर्ष, हरिश्चंद साहू मनीराम 38 वर्ष व जितेन्द्र साहू पिता भगत 55 वर्ष सभी आरोपी ग्राम कागदेही थाना आरंग जिला रायपुर निवासी के खिलाफ धारा 6(क) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की।

■ साल्हेभाट में चल रहा था जुआ



इस कार्रवाई में केरेगांव पुलिस व साइबर सेल तकनीकी का सराहनीय योगदान रहा।

# जमीन विवाद पर पुत्र ने की पिता की हत्या





हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम नवागांव में जमीन विवाद के चलते पुत्र ने अपने पिता पर फावड़ा से वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। आरोपी पुत्र ने थाने में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। टीआई राजेश जगत, एएसआई तेजूराम सिन्हा, प्रधान आरक्षक दीनू मार्कण्डेय, आरक्षक कीर्तन सोनकर, धर्मेंद्र सोरी घटनास्थल पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। घटना 24 दिसंबर मंगलवार की डेढ़ बजे की है। पुत्र भागीरथी साहू उम्र 43 वर्ष ने जमीन विवाद को लेकर अपने पिता जनक साहू उम्र 70 वर्ष पर फावड़ा से ताबड़तोड़ वार किया। इससे उसकी मौत हो गई।

**आरोपी पुत्र ने किया थाने में आत्मसमर्पण**

# मॉब लिंचिंग : धान चोरी का आरोप लगा पिटाई करने वाले सिरसिदा के 13 लोग जेल दाखिल

■ परिजनों के सामने ही आरोपियों ने युवक को अधमरा होते तक पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जिले के ग्राम सिरसिदा में ग्रामीणों की बेदम पिटाई से हुई एक युवक की मौत के बाद तीन महिला सहित 13 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए जांच उपरांत और भी लोगों के नाम सामने आने की बात कही है। मामला कुरुद थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसिदा का है जहां बीते रविवार की मध्यरात्रि धान चोरी के आरोप में कुछ ग्रामीणों द्वारा पांच युवकों को घेरकर लाठी डंडे से की गई । पिटाई से एक की मौत हो गई हो गई। पुलिस ने बताया कि भीखम साहू के खलिहान में रखे ढेर से दो बोरा धान चोरी हो गया। धान चुराने 6 युवक खलिहान में घुसे थे जिसे कुछ लोगों ने देख लिया। मौके से ओंकार साहू को पकड़ लिया। उसे उनके साथी का नाम पूछने पर कार्तिक साहू और मोंटू साहू का नाम बताने पर उन्हें घर से निकालकर आरोपित 13 लोगों ने मिलकर लाठी डंडे से जमकर पिटाई की। लगातार चार घण्टे हुई पिटाई से कार्तिक अधमरा हो गया। उसे अगले दिन सुबह इलाज के लिए धमतरी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।



### कार्तिक के साथ अन्य तीन लोगों की हुई है पिटाई, अस्पताल में चल रहा इलाज

इस पूरे मामले में 6 युवकों पर धान चोरी का आरोप लगा था जिसमे कार्तिक के साथी पांच युवक अंधेरे में भाग निकले। बाद में कार्तिक से सहयोगियों का नाम पूछकर रात में ही संजय साहू, धनेश्वर निषाद सिरसिदा, ओंकार को दहदहा और देवेंद्र साहू को ग्राम मेंडरका से पकड़ा लेकिन मोंटू साहू भाग निकला। इन पांचों युवकों को रात 2 बजे सिरसिदा के आदिवासी सामुदायिक भवन के पास लाया गया। जहां लाठी-डंडे से घंटों पिटाई की गई। अगली सुबह पुलिस ने पांचों पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया जिसमें कार्तिक की मौत हो गई। बाकी का उपचार सिविल अस्पताल कुरुद में किया जा रहा है।

### दूसरे दिन फारेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पहुंची पुलिस



घटना के दूसरे दिन सभी 13 आरोपियों को लेकर एडिशनल एसपी मणिशंकर चन्द्रा,एसडीओपी रागिनी मिश्रा, टीआई अरुण साहू के साथ फारेंसिक टीम गांव पहुची और घटना स्थल की जांच की। पुलिस ने दो दिनों की भागदौड़ के बाद अब तक मॉब लिंचिंग में शामिल 13 लोगों को गिरफ्तार किया है और आगे जांच में कुछ और नाम सामने आने की बात कही है। वहीं इस पूरे मामले में मृतक के पिता एवं ग्रामीण ओंकार साहू की रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 103 (1), 115 (2), 191 (2), 296 (बी), 351 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर सभी 213 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### इन 13 लोगों की हुई है गिरफ्तारी

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में भीखम साहू पिता गैंदलाल साहू उम्र 41 वर्ष, नोहर राम साहू पिता गैंदलाल साहू उम्र 39 वर्ष, बुदेश्वर साहू पिता गैंदलाल साहू उम्र 29 वर्ष, प्रेम कुमार साहू पिता रतनलाल साहू उम्र 48 वर्ष, किशन साहू पिता रामाधार साहू, उम्र 22 वर्ष, बीरेन्द्र कुमार साहू पिता दाताराम साहू उम्र 34 वर्ष, तोरण लाल साहू पिता निर्मल साहू उम्र 43 वर्ष, रामनाथ साहू पिता स्व. गणेश साहू उम्र 59 वर्ष, रमेशर साहू पिता उमासिंग साहू उम्र 58 वर्ष, डोमेश कुमार साहू पिता प्रेम कुमार साहू उम्र 18 वर्ष 2 माह, गीतांजलि साहू पति भीखम साहू उम्र 37 वर्ष, शशिकला साहू पति नोहर साहू उम्र 38 वर्ष, भानमति साहू उर्फ भान बाई पति प्रेम कुमार साहू उम्र 43 वर्ष शामिल हैं। सभी सिरसिदा थाना कुरूद जिला धमतरी के निवासी है जिन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

किसानों ने की 800 ग्राम प्रति बोरी अधिक तौलाई की शिकायत

# खरेंगा उपार्जन केंद्र में टोकन के लिए चक्कर लगा रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम खरेंगा स्थित धान उपार्जन केंद्र अव्यवस्था का शिकार है। टोकन के लिए किसानों को केंद्र का बार -बार चक्कर लगाना पड़ रहा है। धान की तौलाई अधिक मात्रा में होने सहित केंद्र में धान जाम होने की शिकायत है।

ग्राम खरेंगा निवासी किसान राधेलाल साहू ने बताया कि उनके परिवार में तीन अलग-अलग खाता है। एक खाता में 80 क्विंटल धान बेच पाया है। इस खाते में और धान बेचना शेष है वहीं दो खातों का अब तक टोकन नहीं कटा है। उपार्जन केंद्र में शुक्रवार को टोकन कटाने के लिए बुलाया जाता है। टोकन के लिए जाने पर सर्वर डाउन बताया जाता है। खेत खलिहान में धान खुला पड़ा है। आसमान पर बादल छाये हैं। इससे किसानों की चिंता बढ़ा दी है। यही हाल अमेठी के किसान रामनाथ



ध्रुव, खरेंगा के किसान चमन प्रजापति, निखिलेश साहू, शरदचंद्र, सुभाष साहू का भी है। ग्राम कलारतराई निवासी किसान प्रहलाद, जीवन साहू ने बताया कि उनके खाते में आठ एकड़ खेत है। 75 क्विंटल धान बेचने का टोकन कटा है। 175 कट्टा धान की तौलाई की गई जिसमें प्रतिबोरी 40.800 किलो धान तौला गया। 800 ग्राम अधिक धान तौलाई के बारे में पूछने पर सूखत के लिए बताया।

इस संबंध में खरेंगा धान उपार्जन केंद्र के प्रबंधक भेदूराम साहू ने बताया कि खरेंगा उपार्जन केंद्र में 90 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जानी है। अब तक 52 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। 15 हजार क्विंटल का टोकन काटना शेष है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सर्वर डाउन होने के कारण टोकन नहीं काटा जा सका। सोमवार तथा मंगलवार को आफलाइन टोकन काटा गया है। राइस मिलर धान का उठाव कर रहे हैं। प्रतिदिन 2 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। अधिक तौलाई के संबंध में श्री साहू ने बताया कि मिलवाले पुराने बोरे की सिलाई कराकर भेजते हैं। कई बोरा 1 किलो से अधिक रहता है। 800 ग्राम अधिक तौलाई बोरी के मान से की जा रही है।

# प्रतिबंध के बावजूद खेतों में जला रहे फसल अवशेष

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में पराली जलाने के प्रशासनिक प्रतिबंध का कोई असर नहीं दिख रहा है। अब भी खेतों में जगह-जगह पराली जलाने का नजारा नजर आ रहा है। मंगलवार को सोरिद, श्यामतराई के खार में दिनभर व्यापक मात्रा में धुआं उठता रहा।

■ 12 किसानों को दिया गया नोटिस

उल्लेखनीय है कि फसल अवशेष जलाने के संबंध में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने पराली जाने पर प्रतिबंध का आदेश दिया है। आदेश के परिपालन में न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी ने ग्राम कोटवारों को फसल अवशेष नहीं जलाने की मुनादी कराने कहा है। इसके बाद भी खेत खलिहानों में पराली जलाने का कार्य बेखौफ जारी है। मंगलवार को सोरिद, श्यामतराई के खार में दर्जनों एकड़ खेत में आग की लपटें और धुआं का व्यापक रूप से गुबार उठता रहा। आज



जलाने के लिए खेतों में किसान जुटे हुए दिखे।

एसडीएम पवन प्रेमी ने बताया कि एनजीटी के आदेश के अनुसार पराली जलाना न्यायालय आदेश की अवमानना है। इससे मिट्टी के पोषण तत्व, उर्वरता में कमी, जान माल की हानि तथा प्रदूषण बढ़ने की संभावना रहती है। उन्होंने बताया कि पराली जलाने वाले 12 किसानों को नोटिस दिया गया था। 24 दिसम्बर को जवाब मांगा गया था। संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं मिलने पर एकपक्षीय कार्रवाई होगी।

हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

# जल्द बनेगा गाड़ाडीह में बुनकर भवन, 0.12 हेक्टेयर जमीन आरक्षित

- स्वरोजगार से जुड़ी 50 महिलाओं को चंद्राकर ने दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



बुनकर कार्य से जुड़ी महिलाओं ने विधायक अजय चन्द्राकर से मिलकर अपनी व्यथा बताते हुए बुनकर भवन बनाने के लिए आर्थिक मदद की मांग की। महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले विधायक ने तत्काल महिला समूह की मांग मानते हुए जल्द ही बुनकर भवन बनवाने का भरोसा दिलाया।

कुरुद विधानसभा अंतर्गत भखारा बेल्ट के ग्राम गाड़ाडीह-आर से कुरुद पहुंची रुक्मणि बाई, पार्वती, ईश्वरी, प्रभा, भानबाई, जामीन, दुलेश्वरी, लक्ष्मी, टिकेश्वरी, रजवंतीन, मोनिका, मुकेश्वरी, जागृति, लक्ष्मी बाई ने विधायक से मुलाकात कर बताया कि गाड़ाडीह की हम 50 महिलाएं प्रगति बुनकर सहकारी समिति सुपेला के माध्यम से बुनकर कार्य करती हैं। गांव में बुनकर भवन नहीं होने से हमें बुनाई और अन्य कामों के लिए सुपेला आना जाना पड़ता है। इससे समय और श्रम शक्ति का नुकसान होता है। इस समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत ने गाड़ाडीह में 0.12 हेक्टेयर भूमि बुनकर भवन के लिए सुरक्षित कर रखी है। लेकिन राशि के अभाव में भवन नहीं बन पा रहा है। आत्मनिर्भरता की राह में आगे बढ़ रही महिलाओं की परेशानी को देख विधायक ने आश्वास्त किया कि बहुत जल्द उनके गांव में ही बुनकर भवन बनवा दिया जाएगा।

# रिसगांव खरीदी केंद्र में अब तक 17004 क्विंटल धान की खरीदी

- धान खरीदी केंद्र में अच्छी व्यवस्था से क्षेत्र के किसान संतुष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



धान उपार्जन केन्द्र रिसगांव से धान का उठाव जारी है। इस केन्द्र में तीन ग्राम पंचायत खल्लारी, रिसगांव, करही शामिल हैं। अभी तक 300 किसान अपना धान बेच चुके हैं। यहां पंजीकृत 535 किसान हैं।

इस प्रतिनिधि ने रिसगांव धान उपार्जन केन्द्र पहुंचकर किसानों से धान खरीदी को लेकर चर्चा की। किसानों ने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र रिसगांव में धान खरीदी समय पर हो रहा है। सभी किसान संतुष्ट हैं। फड़ प्रभारी रिसगांव फूलचंद साहू ने बताया कि वनांचल क्षेत्र के किसान अपना धान बेचने उपार्जन केन्द्र रिसगांव आ रहे हैं। अब तक कुल 17004.00 किवंटल धान की खरीदी हुई है। परिवहन 13524.52 किवंटल हुआ है।

## देवपुर में निषाद समाज की बैठक 29 को

**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की नौमाही बैठक 29 दिसंबर रविवार को सुबह 11 बजे श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में रखी गई है। बैठक में सामाजिक प्रकरणों का निपटारा, भक्त गुहा निषाद राज की जयंती मनाने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी देवपुर पाली अध्यक्ष फगनू राम निषाद, उपाध्यक्ष टेकराम निषाद, महासचिव नील कुमार निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

# साहित्य में योगदान के लिए डॉ.माधुरी हुईं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



जिला हिन्दी साहित्य समिति द्वारा सार्थक स्कूल में पुस्तक विमोचन व साहित्यकारों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विजय देवांगन महापौर, समिति के संरक्षक एवं देश के सुप्रसिद्ध कवि सुरजीत नवदीप, हिन्दी विभागाध्यक्ष सुखराम नागे शासकीय महाविद्यालय नगरी की डॉ. अम्बा शुक्ला, विश्वराज राजेश्वरी राठौर थे। कार्यक्रम में कवियत्री डॉ माधुरी डड़सेना को उनकी साहित्यिक उपलब्धि एवं साहित्य क्षेत्र में उनके द्वारा सृजित 19 पुस्तकों का एकल सृजन करके धमतरी क्षेत्र की गरिमा को बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया है। चन्द्रहास साहू का भी सम्मान किया गया।

इस उपलब्धि पर कमलेश्वर पटेल, डॉ रामनाथ साहू, आरती सिन्हा, भीखम डड़सेना, चेतना डड़सेना, यशोदा सिन्हा एवं हिन्दी साहित्य समिति धमतरी परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।



















***25 दिसंबर यानी आज क्रिसमस*** पूरे देश में मनाया जा रहा है। यह ईसाई धर्म का प्रमुख पर्व है। इस पर्व को भारत समेत पूरी दुनिया में धूमधाम से मनाया जाता है। क्रिसमस का पर्व ईसाई धर्म के संस्थापक प्रभु यीशु के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। क्रिसमस के दिन लोग अपने घरों को सुंदर तरीके सजाते हैं और क्रिसमस ट्री लगाते हैं। साथ ही चर्च में जाकर प्रार्थना करते हैं और कैंडल जलाते हैं। इसके अलावा तमाम तरह के व्यंजन बनाकर और पार्टी करते हैं और केक काटकर इस त्योहार को मानते हैं। वहीं छोटे बच्चों को इस दिन अपने सांता क्लॉज का इंतजार रहता है। इस दिन बच्चों को चॉकलेट्स और गिफ्ट्स मिलते हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं कि हर साल 25 दिसंबर को ही क्रिसमस का पर्व क्यों मनाया जाता है और इसके पीछे की मान्यता क्या है...

### क्रिसमस क्यों मनाया जाता है ?

ईसाई धर्म की मान्यता के अनुसार प्रभु यीशु मसीह का जन्म 25 दिसंबर को हुआ था, जिसकी वजह से इस दिन को क्रिसमस के तौर पर मनाया जाता है। यीशु मसीह का जन्म मरियम के घर हुआ था। मान्यता है कि मरियम को एक सपना आया था। इस सपने में उन्हें प्रभु के पुत्र यीशु को जन्म देने की भविष्यवाणी की गई थी। इस सपने के बाद मरियम गर्भवती हुई और गर्भावस्था के दौरान उनको बेथलहम में रहना पड़ा। कहा जाता है कि एक दिन जब रात ज्यादा हो गई, तो मरियम को रुकने के लिए कोई सही जगह नहीं दिखी। ऐसे में उन्होंने एक ऐसी जगह पर रुकना पड़ा जहां पर लोग पशुपालन किया करते थे। उसी के अगले दिन 25 दिसंबर को मरियम ने यीशु मसीह को जन्म दिया। यीशु मसीह के जन्म स्थल से कुछ दूरी पर कुछ चरवाहे भेड़ चरा रहे थे। कहा जाता है कि भगवान स्वयं देवदूत का रूप धारण कर वहां आए और उन्होंने चरवाहों से कहा कि इस नगर में एक मुक्तिदाता का जन्म हुआ है ये स्वयं भगवान ईसा हैं। देवदूत की बात पर यकीन करके चरवाहे उस बच्चे को देखने गए। देखते ही देखते बच्चे को देखने वालों की भीड़ बढ़ने लगी। लोगों का मानना था कि यीशु ईश्वर का पुत्र है और ये कल्याण के लिए पृथ्वी पर आया है। मान्यता ये भी है कि प्रभु यीशु मसीह ने ही ईसाई धर्म की स्थापना की थी। यही वजह है कि 25 दिसंबर को क्रिसमस के त्योहार के रूप में मनाया जाता है।









## खबर संक्षेप



### व्हालीबाल संघ के प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

**धमतरी।** व्हालीबाल संघ के प्रदेश अध्यक्ष महेश गागड़ा से क्रीड़ा भारती संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, खेल प्रभारी, कुश्ती संघ सदस्य टिकेश्वर निर्मलकर ने मुलाकात कर खेल के विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

### असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण के लिए आवेदन मंगाए गए

**धमतरी।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भखारा में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि दसवीं पास इच्छुक व्यक्ति संबंधित शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची की छायाप्रति के साथ आवेदन 30 दिसम्बर तक संस्था में उपस्थित होकर जमा किया जा सकता है।

### संबलपुर चौक में 50 लाख से बनेगा अटल परिसर, 25 को होगा भूमिपूजन

**धमतरी।** अटल जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को संबलपुर चौक में अटल परिसर निर्माण का भूमि पूजन कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगा और इसे वर्चुअल माध्यम से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल भूमिपूजन किया जाएगा। अटल परिसर निर्माण योजना के तहत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 25 दिसंबर से अटल परिसर के विकास की नई शुरुआत हो रही है। धमतरी में इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 50 लाख रुपये की लागत से अटल परिसर का निर्माण होना है।

### साय सरकार का एक साल उपलब्धियों से भरा रहा : मुरली

**मगरलोड।** भाजपा युवा मोर्चा



उपाध्यक्ष मुरली सिन्हा ने कहा कि बीते 12 महीनों में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं। विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के अपने संकल्प को पूरा करने की दिशा लगातार आगे बढ़े हैं। इस दौरान प्रदेश के सभी वर्ग के कल्याण के लिए काम किया और उपलब्धियां हासिल की। विष्णुदेव सरकार की प्राथमिकता में वे लोग रहे जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। नई उद्योग नीति से राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में भी विकास की नई संभावनाओं का सृजन हुआ है। यह नीति प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत प्रदान करने वाली है।

---


आज शहर में निकलेगी साईं पालकी, चर्च में होगा प्रभु यीशु के संदेश का वाचन

# साईं जन्मोत्सव व क्रिसमस की तैयारी जोरों पर, मंदिरों एवं चर्च में होगी विशेष आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बुधवार को साईं जन्मोत्सव व क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए सप्ताह भर से तैयारी की जा रही थी। साईं भक्तों द्वारा साईं मंदिरों एवं पंडालों में श्री साईंनाथ का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। शहर के प्रमुख साईं मंदिर के पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि श्री शिरडी साईं सेवा समिति द्वारा साईं मंदिर प्रांगण में वार्षिकोत्सव व जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सुबह 7 बजे सामूहिक श्री साईं सच्चरित्र पाठ, 7:30 बजे अभिषेक, 8 बजे आरती, 11 बजे हवन पूजन के बाद दोपहर 3 बजे से देर रात्रि तक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है जिसमें हजारों भक्तों के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई है।







इसी तरह शहर के दानीटोला वार्ड, कोष्टापारा, टिकरापारा, सोरिद, ब्राम्हणपारा, बठेना आदि वार्डों में साईं समिति का गठन कर सार्वजनिक स्थल पर पंडाल लगाकर साईं पूजा, पालकी यात्रा का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम पश्चात भक्तों को साईं खिचड़ी वितरित की जाएगी। कोलियारी स्थित साईं मंदिर के संचालक दिनेश सोनकर, कुकरेल स्थित छोटा शिरडी धाम के संचालक संजय तिवारी ने बताया कि साईं जन्मोत्सव पर दिनभर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साईं पूजन, अभिषेक, भोग, हवन, आरती, पालकी यात्रा, प्रसादी वितरण होगा।

इधर क्रिसमस त्योहार को लेकर ईसाई समुदाय में उत्साह का वातावरण है। घरों को लाइट और स्टार से सजाया गया है। विविध व्यंजन बनाने में जुटे हुए हैं। शहर के चर्च में विशेष कार्यक्रम आयोजित है। प्रार्थना, आराधना के बाद प्रभु यीशु के संदेश का वाचन किया जाएगा। इस अवसर पर सभी समाजजन चर्च में एकत्रित होंगे। क्रिसमस को लेकर चर्च में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित है। समाज के वरिष्ठ सदस्य योगेश लाल ने बताया कि इस वर्ष क्रिसमस को लेकर 15 दिसम्बर से 19 जनवरी 2025 तक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। तिथि के अनुसार रविवारीय आराधना, रैली, कैरल, सिंगिंग, खेलकूद, कैरल नाईट, ख्रिष्ट जयंती, वाच नाइट सर्विस, नववर्ष की आराधना, चर्च पिकनिक के कार्यक्रम होंगे।

---

# क्रिसमस का पर्व सभी के जीवन में खुशियां लाता है



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में क्रिसमस पर्व का आयोजन किया गया। शाला प्रबंधन समिति एवं शाला परिवार द्वारा क्रिसमस एवं प्रभु ईसा मसीह के जन्म पर आधारित कई गीत प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के चेयरमैन एमके मसीह एवं प्राचार्या श्रीमती एच.के. खालसा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिसमस पूरी दुनिया में मनाया जाने वाला पर्व है, जो शांति और प्रेम का संदेश लेकर आता है और यह सभी के जीवन में खुशियां लाता है। छात्रों को प्रभु ईसा मसीह के जीवन से दूसरों की निःस्वार्थ सेवा की शिक्षा एवं प्रेरणा लेने की सलाह दी।

---

# सड़क दुर्घटना में दो घायल हाइवा व ट्रेलर ने मारी ठोकर

**सिहावा चौक व भोयना नाका की घटना**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सोमवार की शाम सिहावा चौक व भोयना नाका के पास हुए सड़क हादसों में साइकिल सवार युवती व बाइक सवार युवक को चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय सुभाषनगर निवासी निशा देवांगन 24 वर्ष सोमवार की शाम साइकिल चलाते सिहावा चौक से गुजर रही थी। इसी दौरान सिक्सलेन रोड निर्माण के लिए राखड़ ले जा रहे ट्रेलर ने सिहावा चौक मोड़ पर साइकिल सवार युवती को टक्कर मार दी। इस टक्कर से युवती साइकिल सहित ट्रेलर के नीचे आ गई। हादसे को



देख आसपास के लोगों ने युवती को किसी तरह बाहर निकाला। इस घटना में युवती घायल हो गई। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। एक अन्य सड़क दुर्घटना सोमवार की रात्रि भोयना नाका के पास हुई। अर्जुनी थाना के ग्राम जवरगांव निवासी लोकेश्वर मरकाम 30 वर्ष गांव के घर में काम चलने के कारण इन दिनों टिकरापारा में रह रहा है। युवक बाइक से सोमवार को जवरगांव गया था। जहां से रात्रि में बाइक से वापस टिकरापारा आ रहा था। इसी दौरान भोयना नाका के पास तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में युवक घायल हो गया। सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवाप्रधान, मोनू साहू व कमल साहू एम्बुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक घर चला गया।

---

# नपं नगरी में चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज

**पान ठेला, होटल, चौक-चौराहों पर चल रही चर्चा**

**चुनाव लड़ने की मंशा रखने वाले दावेदारों ने भाग दौड़ शुरू की**

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर पंचायत नगरी के विभिन्न वार्डों के आरक्षण के बाद से अंदरुनी तरीके से प्रचार प्रसार शुरू हो गया है। चुनाव लड़ने की मंशा रखने वाले दावेदारों ने आरक्षण के बाद से भाग दौड़ शुरू कर दी है। नगर पंचायत नगरी के चुनाव मैदान में उतरने कई बड़ी- बड़ी हस्तियां, पुराने पार्षद, कांग्रेस नेता, भाजपा नेता अपने- अपने स्तर पर अभी से किसी न किसी माध्यम से अपना चुनावी रंग मतदाताओं पर छिड़क रहे हैं। लिहाजा अब तक यह माहौल खुलकर सामने नहीं आया है क्योंकि अभी समय ऐसा मतदाताओं का कहना है। इस प्रतिनिधि ने नगर पंचायत नगरी के अधिकांश वार्डों का दौरा किया और स्थानीय मतदाताओं से नगर पंचायत नगरी के आरक्षण के बाद से चुनावी माहौल जाना। कई





मतदाताओं ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि इस बार नगर पंचायत नगरी में युवा वर्ग और नये चेहरों को जगह दी जायेगी जो स्थानीय वार्डों व नगर का विकास करेगा।

वहीं पुराने पार्षदों के चुनाव मैदान में उतरने को लेकर कहा कि जो पांच साल में जनता के हित व उनके बारे में कुछ किया होगा तो मतदाता उसे फिर स्वीकार करेंगे और दुबारा कुर्सी पर बिठायेंगे। इसमें कोई शक की बात नहीं लेकिन इस बार नगर पंचायत नगरी में चेहरा बदलेगा जरूर।

अब देखना यह है कि नगर पंचायत नगरी के चुनाव में तो सभी राजनीतिक पार्टी से कई बड़ी बड़ी हस्तियों के नाम सामने आ रहे हैं। अब सवाल यह उठ रहा कि जो दावेदार चुनाव मैदान में उतरने के लिए अंदरुनी प्रचार में लगे हुए हैं क्या वे खुलकर अपना नाम सामने लायेंगे या सिर्फ नाम मात्र। फिलहाल चुनाव में अभी बहुत समय है।

**इस प्रकार है नगर पंचायत का आरक्षण**

| | |
|---|---|
| वार्ड नं. 1 | - अनुसूचित जाति मुक्त |
| वार्ड नं. 2 | - अनुसूचित जनजाति मुक्त |
| वार्ड नं. 3 | - सामान्य मुक्त |
| वार्ड नं. 4 | - सामान्य मुक्त |
| वार्ड नं. 5 | - अनुसूचित जनजाति मुक्त |
| वार्ड नं. 6 | - सामान्य मुक्त |
| वार्ड नं. 7 | - सामान्य महिला |
| वार्ड नं. 8 | - सामान्य महिला |
| वार्ड नं. 9 | - सामान्य महिला |
| वार्ड नं. 10 | - अन्य पिछड़ा वर्ग महिला |
| वार्ड नं. 11 | - अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त |
| वार्ड नं. 12 | - अनुसूचित जनजाति महिला |
| वार्ड नं. 13 | - सामान्य मुक्त |
| वार्ड नं. 14 | - अनुसूचित जनजाति मुक्त |
| वार्ड नं. 15 | - सामान्य मुक्त |

---

# शाह के बयान पर फूटा आक्रोश, कांग्रेस ने मांगा इस्तीफा

- एसटी-एससी संयुक्त मोर्चा ने बाइक रैली निकालकर कलेक्टोरेट घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए अंबेडकर चौक से रैली निकाली। नारेबाजी करते हुए कांग्रेसी कलेक्टोरेट पहुंचे । यहां पर कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। उधर एसटी, एससी संयुक्त मोर्चा ने भी कलेक्टोरेट का घेराव कर गृहमंत्री से माफी मांगने को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को कांग्रेसी अंबेडकर चौक में एकत्रित हुए। बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्होंने रैली निकाली और कलेक्टोरेट पहुंचे। यहां पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री से इस्तीफा एवं जनता से माफी की मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणियों को लेकर बड़े पैमाने पर सार्वजनिक प्रतिक्रिया मिल रही है। दलित समुदाय के सदस्यों और नेताओं ने उनकी इस टिप्पणी की



निंदा की है। उन्होंने दलित आइकन की गरिमा को नुकसान पहुंचाया है। सत्तारूढ़ शासन और उसके नेताओं को इस तरह से व्यवहार करने की अनुमति नहीं दी जा सकती जो केवल उनकी विचारधारा के अनुकूल हो। उन्होंने राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित करते हुए मांग की है कि अमित शाह को केंद्रीय गृहमंत्री के पद से तुरंत बर्खास्त करें और डॉ. भीमराव बाबासाहेब अंबेडकर के खिलाफ की गई टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि लोकसभा का यह शीतकालीन सत्र संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने जानबूझकर बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया है। इस पर उन्हें इस्तीफा देना चाहिएं और देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। महापौर विजय देवांगन ने कहा कि संसद में भी शाह के बयान पर कांग्रेस ने आपत्ति भी दर्ज कराई लेकिन इसे सदन की कार्यवाही से हटाया नहीं गया। भाजपा हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा ने कहा कि भाजपा केवल कांग्रेस और उसके नेतृत्व को बदनाम करने का प्रयास करती आ रही है। भाजपा ने कांग्रेस के बारे में हर तरह से झूठे और भ्रामक आख्यानों का प्रचार किया है। केंद्रीय मंत्री ने खुद डॉ. भीमराव बाबा साहेब अंबेडकर पर व्यक्तिगत हमला करने का सहारा लिया है। पूर्व विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्त्रोत और अधिकारों के संरक्षक थे। इस दौरान अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। मौके पर पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व जिला कांग्रेस अधोहन लालवानी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत नीशु चंद्राकर, महामंत्री आलोक जाधव, ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा, घनश्याम साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल शर्मा, मदन मोहन खंडेलवाल, एल.एल. ध्रुव, रामनाथ यादव, स्वतंत्र कौशल, ब्रजेश जगताप, प्रदेश प्रवक्ता कृष्णा मरकाम, सेवादल जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष शास्त्री सोनवानी, आशीष थिटे, पार्षद संजय डागौर, सोमेश मेश्राम, ममता शर्मा, ज्योति वाल्मीकि, नीलू पवार, राजेश पांडेय, गजानंद रजक, जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुरुगोपाल गोस्वामी, कुशल देवांगन, रमेश देवांगन, एमन साहू, दुष्यन्त घोरपड़े, आशुतोष खरे, केशव साहू, तारिक रजा कादरी, साहिल अहमद, गीतराम सिन्हा, वातांजलि गोस्वामी, देवेंद्र देवांगन, संजू साहू, विशु देवांगन, मिथिलेश साहू, रजत सोनकर, वीरू महाजन, नीलमणि साहू, सबीना खान, गनेश्वरी कामड़े, पतिराम ध्रुव, पप्पू निर्मलकर, नीलकंठ साहू, शेख सोहेल, तोमेश्वर सिन्हा, पालू यादव, रुद्रा साहू, धर्मेन्द्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

**एसटी, एससी समाज ने सौंपा ज्ञापन**

गृहमंत्री के बयान को लेकर एसटी एससी समाज ने नाराजगी व्यक्त की है। मंगलवार को एसटी एससी संयुक्त मोर्चा के बैनरतले एसटी-एससी समाज के लोगों ने कलेक्टोरेट का घेराव कर गृहमंत्री से माफी मांगने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। अंबेडकर चौक में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एसटी एससी समाज के लोगों ने बाइक रैली निकाली। बाइक रैली रत्नाबांधा चौक से मकई चौक, सदर बाजार होते हुए कलेक्टोरेट पहुंची। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। समाज के जीवराखन मरई, पालनहार मेश्राम, आशीष रात्रे, आरपी संभाकर, श्रवण मेश्राम ने कहा कि देश के गृहमंत्री की निम्न स्तर की टिप्पणी का वे पुरजोर विरोध करते हैं। इस बयान के लिए उन्हें सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान जयपाल सिंह ठाकुर, कृष्णा नेताम, कमलनारायण ध्रुव, अशोक मेश्राम, जीआर बंजारे, ममता रानी टंडन, अनीता ठाकुर, कृष्णा मरकाम, रामेश्वर मरकाम, हर्ष मरकाम उपस्थित थे।

---

# आज डबल विकेट क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल

**समापन पर आएंगे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर राजेश चौहान**



**कुरूद।** पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी स्व. विनोद गोस्वामी की स्मृति में टारनेडो क्रिकेट क्लब कुरुद के तत्वावधान में आयोजित सफेद लेदर बॉल अंतरराज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आज फाइनल मैच के साथ समापन होगा। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर राजेश चौहान होंगे। अध्यक्षता तपन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत करेंगे। विशिष्ट अतिथि राजकुमारी दीवान, निरंजन सिन्हा, मंजु साहू उपाध्यक्ष, पार्षद राखी चंद्राकर, भानु चंद्राकर, आशीष शर्मा होंगे। 24 दिसंबर को खेले गए मैच में जबलपुर ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। सभी लीग मैच में से एक-एक टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले दिन मुरली रायपुर की टीम, दूसरे दिन रायपुर टीम, तीसरे दिन साहबान व ऐश्वर्या दल्ली राजहरा की टीम और चौथे दिन कमल व अभिषेक के जबलपुर की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई है। आज दो सेमीफाइनल मैच और फाइनल मैच खेला जाना है। मैदान के चारों ओर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मैच खेला जाना है। मैच समाप्त होने के बाद स्व. विनोद गोस्वामी को 2 मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि दी जाएगी।

**माइनस रन से भी हो सकता है हार-जीत का फैसला**

आयोजन में जुटे बीरेंद्र बैस, हरीश देवांगन ने बताया कि यह अपनी तरह का पहला टूर्नामेंट है जो दर्शकों को पूरी तरह मनोरंजन देने वाला है। साथ ही फटाफट क्रिकेट की श्रृंखला में छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक है। 4-4 ओवर खेले जाने वाली यह क्रिकेट प्रतियोगिता अनेक नए नियमों से सुसज्जित है। सिर्फ 2 खिलाड़ी ही 1 टीम में शामिल है। वहीं 2 खिलाड़ी बैटिंग और बॉलिंग करते हैं। शेष फील्डर आयोजन समिति द्वारा उपलब्ध कराया गया है। दोनों ही टीम को पूरे 4 ओवर खेलना खेलना होता है। चाहे कितनी भी बार आउट होंगे। अंतिम बॉल तक खेल जारी रहेगा। हर आउट पर 5 रन माइनस होते जाएगा। ऐसी भी परिस्थिति बन सकती है जब हार-जीत का निर्णय माइनस रन से भी हो सकता है।

कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट
30% Off on all Cosmetic Procedures 25 to 31st December
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक: 12 जनवरी 2025, 19 जनवरी 2025, 16 फरवरी 2025, 13 मार्च 2025, 13 अप्रैल 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर स्पेशल ट्रेन
09 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020